Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-05-2007

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title: Need to carry out developmental works in Patna and Bodhgaya under Jawaharlal Nehru National Urban Renewable Mission.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गम्भीर विाय की तरफ आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।

पिछले वित्तीय वर्ा में पूरे देश के लगभग 67 ऐसे शहरों का विकास के लिए चयन किया गया, जहां की आबादी 10 लाख है। वह योजना जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकृत मिशन (नूरम) थी। मैं धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र पटना का भी उसमें चयन किया गया और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण जो बोधगया शहर है, उसका भी चयन किया गया। एक साल से अधिक हो गया, मगर मुझे दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि अभी तक पटना शहर में शहर के विकास के लिए, जो वहां की समस्या है, वहां की आबादी 20 लाख से भी अधिक है और उसकी आबादी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। वहां जिस तरह से आबादी बढ़ रही है, वहां की समस्या भी बढ़ रही है। वहां पानी की समस्या, सड़क की समस्या, बिजली की समस्या, कम्युनिटी हॉल की समस्या, गरीबों के मकान बनाने की समस्या आदि-आदि हैं। बोधगया भी उसी तरह की स्थिति से गुजर रहा है। मगर केन्द्र सरकार के जो निर्देश हैं, जो गाइडलाइंस हैं, उनके अनुसार राज्य की सरकार ने वहां से अभी तक डिटेल्ड प्रोजैक्ट रिपोर्ट बनाकर नहीं भेजी है, जिसकी वजह से इस योजना के अन्तर्गत जो राशि जानी चाहिए, लगभग 50 हजार करोड़ रुपया इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार ने सैंक्शन किया है, लेकिन अभी तक एक पैसा भी नहीं जा सका है, जिसकी वजह से पटना शहर की स्थिति बहुत खराब हो गई है और वहां के लोगों के लिए जीना दूभर हो गया है।

अभी बारिश का मौसम आ रहा है, तब हर जगह आपको रोड पर पानी जमा मिलेगा और नारकीय स्थिति वहां उत्पन्न हो जाएगी। पटना पुराना शहर है, वहां शहर का जो विस्तार होना चाहिए था, वह नहीं हो सका है, चूंकि राज्य सरकार के पास इतनी राशि नहीं है कि वह वहां विकास करा सके। लेकिन दुर्भाग्य के साथ यह कहना पड़ रहा है कि अभी तक राज्य सरकार ने डी.पी.आर. बनाकर नहीं भेजी है। मैं तो उसमें निवेदन करूंगा कि अगर कुछ रिलैक्सेशन कर सकें, राज्य सरकार की तरफ से ि वशेा तौर पर जो कुछ व्यवधान आ रहा है, कठिनाई आ रही है, वहां की जनता की समस्या को दूर करने के लिए, तो मेरा शहरी ि वकास मंत्री जी से निवेदन होगा कि उसको रिलैक्स कीजिए और रिलैक्सेशन करके पटना शहर और बोधगया, जो दोनों अपने आपमें महत्वपूर्ण शहर हैं, वहां की आबादी को व्यवस्थित करने के लिए, जन-जीवन को ठीक-ठाक करने के लिए, वहां का कूड़ा-कचरा दूर करने के लिए, रोड का चौड़ीकरण करने के लिए, जल जमाव दूर करने के लिए, पीने का पानी, अभी गर्मियां आ गई हैं, रोज़ वहां सड़क जाम होगी, वहां लोगों को बहुत परेशानी है, लेकिन राज्य सरकार अपनी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पा रही है, वहां दिक्कत है, शहर का विकास नहीं हो पा रहा है। इसलिए मेरा निवेदन है कि शहरी विकास मंत्री विशेा करके जवाहर लाल नेहरू राट्रीय शहरी नवीकृत मिशन के अन्तर्गत राशि दें, ताकि पटना शहर की समस्या और बोधगया शहर की समस्या दूर हो सके।

इसी निवेदन के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।